Need to run a passenger train between Bagaha and Patna in Bihar-laid

श्री सुनील कुमार (वाल्मीकि नगर): मैं रेल मंत्री जी का ध्यान महत्वपूर्ण विषय के संबंध में आकृष्ट कराना चाहता हूं। वाल्मीकिनगर भारत नेपाल की सीमा पर अवस्थित हैं, यहां से राज्य की राजधानी पटना की दूरी 250 किलोमीटर से भी अधिक है। लोकसभा क्षेत्रवासियों को बेहतर इलाज, व्यापार तथा अन्य कार्यों हेतु पटना आना जाना पड़ता है। जिसके लिए उन्हें अधिक यात्रा शुल्क देना पड़ता है तथा समय भी अधिक लगता है। बगहा से पटना के लिए सवारी गाड़ी के परिचालन हेतु मैं लगातार प्रयासरत हूं, मैंने रेल मंत्री तथा रेलवे चेयरमैन से मिलकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया था, और आश्र्वासन भी मिला था कि जल्द सवारी गाड़ी का परिचालन शुरू हो जाएगा। दो वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के पश्चात भी इस दिशा में कोर्इ सार्थक कदम नही उठाया गया है। अत: मैं रेल मंत्री से पुन: मांग करता हूं कि बगहा से पटना के बीच सवारी गाड़ी का परिचालन जनहित में यथाशीघ्र शुरू किया जाए।

____

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय मंत्री जी।

14.03 hrs